कार्यालय प्राचार्य, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर
जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

Grade "B" Accredited by NAAC   E-mail ID :- govtcollegefingeshwar2013@gmail.com

क्र. 243/पो.मै.छा./ 2026 –27   फिंगेश्वर, दिनांक 19/06/2026

// छात्रवृत्ति सूचना //

वर्ष 2025–26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) ऑनलाईन पंजीयन सूचना

कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–डी (भू–तल) अटल नगर, रायपुर का पत्र क्रमांक/STU/171/2026- SCHOLARSHIP SECTION नवा रायपुर दिनांक 15/06/2026 के परिपालन में महाविद्यालय मे अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2026–27 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु वर्ष 2026–27 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जा रही है :–

आवेदन का प्रकार	विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति की तिथि
नवीनीकरण	30 जून 2026 तक
	30 सितम्बर 2026 तक
	30 नवम्बर 2026 तक
	30 दिसम्बर 2026 तक
नवीन	30 जून 2026 तक
	30 सितम्बर 2026 तक
	30 नवम्बर 2026 तक
	30 दिसम्बर 2026 तक

अतः अंतिम तिथि तक फॉर्म भर कर हार्डकॉपी को निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
आवश्यक दस्तावेजों की सूचीः–

1. ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी।
2. 10 वीं., 12 वीं एवं पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
3. आय प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त)।
4. निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त)।
5. जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।(सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त)।
6. महाविद्यालय के प्रवेश पत्र एवं सभी रसीद की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
7. बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (बैंक खाता सक्रिय होना एवं आधार सीडेड होना अनिवार्य है)
8. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
9. ओ.टी.आर. पंजीयन की छायाप्रति।
10. ए.बी.सी. आई. डी. की छायाप्रति।

टीपः– ऐसे छात्र–छात्रायें जो नौनिहाल छात्रवृत्ति, बीपीएल छात्रवृत्ति, केन्द्रिय छात्रवृत्ति, विज्ञान छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर चुके है या करना चाहते है, वे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन न करें शासन के नियमानुसार शासन द्वारा प्रदत्त एक ही छात्रवृत्ति की अर्हता होती है।

प्राचार्य
फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय
फिंगेश्वर, जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner